तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 अलग-अलग तापमान की परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने से मौसम में बदलाव



## खबर संक्षेप

### सांसद ने जनजागरूकता रथ को किया रवाना

**अनूपपुर।** बाल विवाह उन्मूलन के लिए संचालित जनजागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से बाल विवाह मुक्ति जनजागरूकता रथ को सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं विधिक प्रावधानों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित हस्ताक्षर अभियान में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाल विवाह रोकथाम के समर्थन में हस्ताक्षर कर सामाजिक कुरीति के उन्मूलन का संकल्प लिया।

### विकसित भारत युवा संसद 27 को

**बैकुण्ठपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राष्टीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत 27 फरवरी को विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उनके विचारों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना है। कोरिया जिले के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा, जिन्होंने माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है, इस कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय युवा संसद में चयनित 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। प्राचार्य सह जिला संगठक डॉ.एमसी हिमधर ने जिले के अधिकाधिक युवाओं से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

### स्पैरो-एपीएआर एवं ई ऑफिस का प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्पैरो (स्मार्ट परफार्मेंस एपारसल रिपोर्ट रिकार्डिंग ऑनलाइन विंडो) तथा ई-ऑफिस प्रणाली पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पैरो-एपीएआर प्रक्रिया, ऑनलाइन कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन, वार्षिक अचल संपत्ति विवरण संधारण तथा सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के प्रति व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना रहा। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर प्रशासनिक सुधारों को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर विनोद देवांगन एवं निखिल साहू के द्वारा बताया गया कि स्पैरो प्रणाली के अंतर्गत एपीएआर की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होती है, जिसमें संरक्षक अथवा स्थापना अनुभाग की भूमिका होती है।

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** बीजपुर अनजानी निवासी नागेश्वर आ. हरिचंद पण्डो (23 वर्ष) रघुनाथनगर बलंगी के जोगयानी में रहकर काम करता था। शनिवार को बाइक से अकेले जनकपुर आ रहा था तभी रघुनाथनगर मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

## प्रदेश के बजट पर भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

# भाजपा बोली-विकास की बढ़ेगी रफ्तार तो कांग्रेस ने कहा- केवल घोषणाओं का पुलिंदा है बजट

**बैकुण्ठपुर।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2026-27 का बजट मंगलवार को विधानसभा में पेश किया। 1.72 लाख करोड़ रूपए के इस बजट को भाजपा ने संकल्प थीम के साथ समावेशी विकास, अधोसंरचना विस्तार, निवेश प्रोत्साहन और सामाजिक सशक्तिकरण का विजन बताया है। स्थानीय भाजपा नेताओं ने इसे कोरिया जिले के विकास यात्रा को नई गति देने वाला बजट बताया, जबकि विपक्ष ने इसके प्रावधानों पर सवाल खड़े किए हैं। कोरिया-एमसीबी जिले में बजट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है।




### बजट नई उंचाईयों पर ले जाएगी



जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने बजट को विकास और विश्वास का दस्तावेज बताते हुए कहा कि संकल्प थीम राज्य को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधानों से प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

### केवल घोषणाओं का पुलिंदा है



कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने ने बजट को घोषणाओं का पुलिंदा बताते हुए कहा कि किसानों और युवाओं के लिए ठोस राहत के प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं। बजट में राजस्व और व्यय के आंकड़ों में संतुलन पर पर्याप्त स्पष्टता नहीं है। जनता विरोधी बजट आम नागरिकों को राहत देने का कोई ठोस प्रावधान नहीं।

### किसी भी वर्ग को कोई राहत नहीं



बजट पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह बजट आम जनता, किसान, युवा, मजदूर और गरीब वर्ग के लिए कोई ठोस राहत नहीं है। ज्ञान और गति के बजट की असफलता के बाद अब संकल्प के नाम पर नया जुमला फेंका गया है। यह बजट भी जनता को निराश करने वाला है।

### कोरिया के लिए दिशाहीन बजट है



पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने कोरिया जिले के लिए बजट को निराशाजनक और दिशाहीन बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े-बड़े वादों के बावजूद जमीनी समस्याओं- किसान कर्ज, बेरोजगारी और क्षेत्रीय असंतुलन पर ठोस समाधान नहीं दिखता। यह बजट जुमलों का दस्तावेज है, जिसमें ऑकड़ों का खेल ज्यादा और ठोस क्रियान्वयन की स्पष्टता कम है।

### बजट में एक स्पष्ट रोड मैप दिख रहा



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े ने विकसित छग 2047 हमारा दीर्घकालिक लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति के लिए सरकार 2030 के मध्यकालिक लक्ष्य को भी निर्धारित किया है, हम एक स्पष्ट रोड मैप के साथ इस ओर आगे बढ़ रहा है, इसी पथ पर हमारा प्रत्येक बजट आगे बढ़ता हुआ एक-एक कदम है। इस बार बजट का थीम संकल्प है।

### ग्रामीण अधोसंरचना को नई दिशा देगा



जिपं उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि यह बजट ग्रामीण अधोसंरचना, सड़क और नगरीय विकास को नई दिशा देगा। संकल्प थीम के जरिए सरकार ने दीर्घकालिक विकास का स्पष्ट रोडमैप रखा है। इसे युवाओं और महिलाओं के लिए अवसरों का बजट बताते हुए कहा कि उद्योग और निवेश पर बढ़ा प्रावधान प्रदेश में रोजगार सृजन को गति देगा।

### समृद्ध और आत्मनिभर बनेगा छग



भाजयुमो कोरिया के जिला महामंत्री मनोज साहू ने साहू ने कहा कि यह बजट क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम के नेतृत्व में किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह बजट समृद्धि और आत्मनिर्भर की दिशा तय करेगा।

### कोरिया को कुछ नहीं मिला



कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव योगेश शुक्ला ने पेश हुए बजट को जनता को निराश करने वाला दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह जमीनी हकीकत से दूर है। कोरिया जिले को बजट में केवल झुनझुना पकड़ाया गया है। घोषणाओं के अनुरूप बजटीय व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। बजट में कोरिया को कुछ नहीं मिला।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार



वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेज अहमद नेपालू ने कहा कि यह बजट केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पॉलिसी से परिणाम तक पहुंचाने का रोडमैप है। उन्होंने दावा किया कि 8 लाख करोड़ रूपए के निवेश लक्ष्य और 15 हजार रोजगार सृजन से युवाओं को व्यापक अवसर मिलेंगे।

### सभी आयामों में संसाधन उपलब्ध होंगे



छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी आयामों को संसाधन उपलब्ध कराएगा, जहां एक ओर कृषकों एवं मजदूरों की आय बढ़ाने के लिए राईस मिल, पोल्ट्रीफार्म, वनोपज प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों के लिए बड़े केन्द्र खुले, इसकी योजनाएं लाई जा रही है साथ ही निवेशकों के अनुदान के लिए 100 करोड़ का प्रवधान किया गया है जिससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर सड़क कनेक्टीवीटी बढ़ाने के लिए बड़ी राशि जारी की गई है, जिससे ट्रांसपोर्ट सुगम बनेगा। महिलाओं एवं युवाओं से संबंधित योजनाओं के लिए बड़ी राशि मिलेगी। उनकी खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी।

### कैशलेश चिकित्सा सुविधा का स्वागत

शिक्षक नेता बालेश्वर राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बजट में कैशलेश चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत और आभार व्यक्त करते हैं, किंतु बजट से आस लगाए बैठे सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर करने का घोषणा न होने से शिक्षकों के बड़े वर्ग में निराशा है।



### समृद्धि और आत्मनिर्भर की दिशा तय करेगा बजट



छग प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जिला भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में लाईव प्रसारण देखा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग का तीसरे बजट संकल्प का बजट है। उन्हांने कहा कि सबसे पहला बजट 5 हजार करोड़ रूप का था जो आज 35 गुना बड़ा है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर में गेज डैम उन्नयन के लिए 10 करोड़ का सौगात मिला। जनपद उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार, सहकार की भावना को और समृद्ध करते हुए सहकारी समितियों के काम काज में विविधता लाने के लिए उन्हें कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, बसंत राय, प्यारे लाल साहू, शशि तिवारी, पंकज गुप्ता, जिलामंत्री शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, भानूपाल,अनिल खटिक, दीपा विश्वकर्मा,रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, रीता यादव, दिलराज रवि, लहरे राजा, सतेन्द्र राजवाड़े, मनोज साहू, मनोज सोनवानी, संतोष देवांगन, अरूण राज आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र को बजट में मिली प्राथमिकताः श्याम बिहारी

छत्तीसगढ़ के बजट 2026-27 में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिली ऐतिहासिक प्राथमिकता पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह इस सरकार का तीसरा बजट है, जो प्रदेश की 3 करोड़ जनता के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए समर्पित है।



पिछले दो वर्षों में हासिल विकास की गति को यह बजट और तेज करने तथा छत्तीसगढ़ अंजोर, 2047 के लक्ष्यो की दिशा में आगे बढने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह बजट प्रदेश के लिए लाभदायक और हर वर्ग के लिए बेहतर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री की वित्तीय प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य विभाग को व्यापक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के शासकीय कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय ऐतिहासिक है। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि बजट में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपए तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अंबिकापुर एवं धमतरी में जिला अस्पताल भवन निर्माण, रायपुर में 200 बिस्तरों वाले एमसीएच की स्थापना तथा चिरमिरी में जिला अस्पताल निर्माण जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने कहा कि दुर्ग, कोंडागांव, जशपुर और रायपुर में ऋृठट प्रशिक्षण केंद्र, दंतेवाड़ा, मनेन्द्रगढ़, कवर्धा, जांजगीर-चांपा एवं कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज तथा कांकेर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़, सरिया और महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। राजनांदगांव में फिजियोथेरेपी कॉलेज और रायपुर में उन्नत कार्डियक इंस्टिट्यूट की स्थापना से विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के बेहतर स्वास्थ्य, समग्र विकास और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

### एमसीबी में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की अलग-अलग प्रतिक्रिया



**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट पर मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सभी वक्ताओं ने बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। महतारी वंदन योजना एवं महिला पंजीयन शुल्क में छूट जैसे प्रावधान महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे। पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह ने बजट को युवाओं के लिए अवसरों से भरा बताया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐ आई मिशन एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाएं युवाओं को रोजगार और नवाचार से जोड़ेगी। नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि उन्नति योजना एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान स्वागत योग्य है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव ने बजट को संतुलित बताते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे, सड़कों और बिजली व्यवस्था को मजबूत करने से ग्रामीण विकास को गति मिलेगी। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए निवेश से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सीजीएसईई योजना को ऐतिहासिक बताया। नगर पंचायत झगराखंड अध्यक्ष रीमा यादव ने कहा कि खेल उत्कृष्ट मिशन और युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएंगे। नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ अध्यक्ष प्रतिमा यादव ने बजट को महिला-हितैषी बताते हुए कहा कि स्व-सहायता समूहों को मजबूत करने की योजनाएं आत्मनिर्भरता बढ़ाएंगी। भाजपा नेता दिनेश्वर मिश्रा ने कहा कि रोजगार सृजन पर केन्द्रित योजनाएं ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोकने में सहायक होंगी। पार्षद नीलू जायसवाल ने पर्यटन विकास मिशन को स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया। व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमल केजरीवाल ने कहा कि यह बजट नीति और परिणाम के बीच स्पष्ट संतुलन दर्शाता है। चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सौरभ सिंह ने बजट को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का दस्तावेज बताया। भाजपा जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय ने कहा कि आदिवासी एवं पिछड़े वर्गों के लिए किए गए प्रावधान सराहनीय हैं। भाजपा नेता संजय राय ने बजट को आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बताया। जिला महामंत्री आशीष मजूमदार ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी एवं तकनीकी विकास से प्रदेश को नई पहचान मिलेगी। जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल ने बजट को छग को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मजबूत कदम बताया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- केल्हारी थाना क्षेत्र के तिलोखन जंगल क्षेत्र में हुई घटना

एमसीबी जिले के केल्हारी-जनकपुर मार्ग पर मंगलवार को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। मृतकों की पहचान अवधेश आत्मज गुरुवचन उम्र 28 वर्ष और मोनू उर्फ अखिलेश आ. गुरूवचन दोनों सगे भाई निवासी रामानुजनगर तथा तीसरा मृतक श्याम सिंह गोंड आ. गोविंद सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम घाघरा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक 24 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे ग्राम घाघरा से एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से निकले थे। काफी समय तक जब वे अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचे और संपर्क भी नहीं हो सका, तब परिजन को चिंता हुई। बाद में धनहर के पास तिलोखन जंगल क्षेत्र में सड़क किनारे तीनों के शव पड़े मिलने की सूचना मिली। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही केल्हारी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मनीष धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजन को सौंप दिए गए। पुलिस द्वारा दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है।

आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है तथा संभावित मार्गों पर पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से मनेन्द्रगढ़ सहित रामानुजनगर और घाघरा क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।



दुर्घटनास्थल पर युवकों का शव।

# अलग-अलग कार्रवाई में 27 नग सागौन और 16 नग साल चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लकड़ी तस्करी के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई की है। दो अलग अलग कार्रवाई में वन विभाग ने घेराबंदी कर 16 नग साल चिरान एवं 27 सागौन चिरान जब्त किया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र लुंड्रा के परिक्षेत्र सहायक वृत्त चेन्द्रा को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि सागौन लकड़ी की अवैध रूप से तस्करी की जा रही है।

सूचना के बाद डीएफओ अभिषेक जोगावत के निर्देश पर वन विभाग द्वारा नाकाबंदी कर दरिमा चौक के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान चेन्द्रा की ओर से आ रहे पिकअप वाहन को वन विभाग ने रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर फरार हो गया जिसके बाद सूचना के बाद वन परिक्षेत्र लखनपुर की टीम ने घेराबंदी कर ग्राम लोसगा के पास पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन में सागौन चिरान लोड था लेकिन चालक कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। वन विभाग ने वाहन से 27 नग सागौन चिरान जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख रूपए आंकी गई है। वन विभाग द्वारा लकड़ी को अम्बिकापुर काष्ठागार परिसर में रखा गया। मामले में वाहन व सागौन को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ड. 26 (1) छ. एवं वन उपज व्यापार अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) अन्तर्गत वन अपराध प्रकरण के तहत राजसात की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में वनक्षेत्रपाल रामनिवास दहायत, उप वनक्षेत्रपाल रामेश्वर लकड़ा तथा वनपाल वनरक्षक संजय तिर्की, दिनेश तिवारी, राजेश कुमार खेस एवं शोभनाथ बड़ा शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### कल्याणपुर-लटोरी-सलका मार्ग के उन्नयन हेतु 40.93 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति



**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सह भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा-सलका के विभिन्न खंडों में सड़क सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है,ज्ञात हो कि 29 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस कार्य के लिए 40.93 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है,यह मार्ग क्षेत्र के अनेक ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है,जिसके उन्नयन से आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं तीव्र होगा,इससे ग्रामीण अंचलों का जिला मुख्यालय एवं अन्य प्रमुख स्थलों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा,कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा है,सुदृढ़ सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज समय पर बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी,साथ ही व्यापार, लघु उद्योग एवं स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन,पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है,इसी उद्देश्य से चरणबद्ध रूप से सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### माधुरी जायसवाल को मिली वाचस्पति की मानद उपाधि



**अम्बिकापुर।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान, संग्रहालय बालाघाट द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कतकालो में व्याख्याता के पद पर कार्यरत श्रीमती माधुरी जायसवाल पति राजकुमार जायसवाल को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए वाचस्पति की मानक उपाधि प्रदान की गई है। श्रीमती जायसवाल को उनके सुदीर्घ शैक्षिक, साहित्यिक, पर्यावरण, सेवा, धर्मपरायणता, दीन-दुखियों, विकलांगों की सेवा, रचनात्मक कार्यों के संपादन के लिए प्रदान किया गया है।

### डॉ. शिवमंगल सिंह बने भाजपा अजजा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अनुसचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। जारी की गई कार्यकारिणी में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शिवमंगल सिंह को अजजा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. शिवमंगल सिंह वर्तमान में गोधनपुर वार्ड से पार्षद है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ ही अन्त्योदय के संकल्प के साथ जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की आशा जताई है। वहीं कार्यकारिणी की घोषणा के बाद शिवमंगल सिंह ने भी संगठन के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही है।

### संत निरंकारी सेवादल के सदस्यों ने की शंकर घाट की साफ-सफाई



**अम्बिकापुर।** शंकर घाट स्थित छठ घाट पर संत निरंकारी सेवादल के सदस्यों एवं साध-संगत के स्वयंसेवकों ने घाट परिसर की साफ-सफाई की। प्रोजेक्ट अमृत का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं इसके बचाव हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। साथ ही परियोजना का मुख्य बिंदु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। अमरलाल बचानी ने बताया कि आज यह परियोजना भारतवर्ष के 18 सौ से अधिक स्थानों पर 730 शहरों, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई। निरंकारी मिशन के लगभग 4 लाख स्वयंसेवकों द्वारा आज पूरे देश में जल संरक्षण एवं जल निकायों जैसे समुद्र तट, नदियां, झीलें, तालाब, पोखर, कुएं, जोहड़ विभिन्न झरनों पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं आदि को स्वच्छ व निर्मल बनाने में अपना योगदान दिया गया। मिशन के सदस्य संजय मनवानी ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन हुआ है।

## स्वास्थ्य विभाग ने 100 से अधिक लोगों का लिया सैंपल

# पीलिया की दस्तक के बाद मोमिनपुरा नवागढ़ वार्ड में लगाया गया कैंप



पाइप लाइन का निरीक्षण ननि नेता प्रतिपक्ष व अन्य।



शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मोमिनपुरा, नवागढ़ वार्डों में दूषित पेयजल के कारण पीलिया के मरीज मिलने के मामले सामने आने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित वार्ड में कैंप लगाया गया। इस दौरान वार्ड में 115 से अधिक संभावित मरीजों के ब्लड सैम्पल लिए गए है। इस बीच शहर के घुटरापारा क्षेत्र में भी पीलिया के 6 नए मरीज मिलने की बात सामने आई है। इस दौरान नगर निगम भी वार्ड में पाइप लाइन में लीकेज खोजने का अभियान चलाया गया और लोगों के घरों से पानी के सैम्पल लिए गए है। सैम्पल को जांच के लिए भेजा गया जा रहा है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**खास बात**

■ ननि ने भी लिया जांच के लिए पानी का सैंपल, घुटरापारा में 6 नए मरीज मिलने की बात आई सामने

बता दें कि पिछले दिनों शहर के नवागढ़ और मोमिनपुरा में पीलिया के मरीज मिलने की बात सामने आई थी। लगातार पीलिया के केस मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने ही स्वयं से लोगों के घरों का पानी लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में माइक्रो बायोलोजी लैब में जांच कराई गई। जांच में 10 में से 4 सैम्पल दूषित पाया गया और उसमें ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई। दूषित पेयजल और पीलिया की पुष्टि होने के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया है। मामला सामने आने के बाद नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर ननि की टीम वार्डों में पहुंची और पानी के सैम्पल लिए गए थे। वहीं रविवार को ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने भी वार्ड का दौरा कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। वहीं सोमवार को वार्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क कैम्प लगाया गया। इस दौरान कैम्प में नवागढ़, मोमिनपुरा क्षेत्र के 115 से अधिक संभावितो के ब्लड सैम्पल लिए गए है इसी बीच शहर के घुटरापारा में भी 6 नए पीलिया मरीज मिलने की बात सामने आई है जिससे संक्रमण के फैलाव की आशंका गहरा गई है। जबकि नगर निगम द्वारा भी 15-20 घरों से पानी का सैम्पल लिया गया है। अब लिए गए पानी के सैंपल और ब्लड जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। इधर नागरिकों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से उबला हुआ पानी पीने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की अपील की है। नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि दूषित जल आपूर्ति की शिकायत के बाद तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की गई है। प्रभावित क्षेत्रों से पानी के कई नमूने लेकर जांच के लिए रायपुर भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पाइप लाइन के मरम्मत में जुटा विभाग

सप्लाई वाले पाइप लाइन से दूषित पानी लोगों के घरों तक जाने की आशंकाओं के बीच लीकेज खोजने और पाइप लाइन के मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। ननि आयुक्त डीएन कश्यप के साथ ही जल प्रदाय शाखा की टीम वार्ड में पहुंची थी। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि नल कनेक्शन के दौरान पाइप को जोड़ने के लिए एमजे कालर लगाने के बदले रबर ट्यूब लगाया गया है जिससे भी नाली का पानी पाइप लाइन में जा सकता है। मरम्मत कार्य के बीच सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल बने हुए हैं प्रभावित इलाकों में नियमित सफाई और क्लोरीनेशन की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### नेता प्रतिपक्ष ने जताई आशंका

सोमवार को ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद भी निगम आयुक्त, पार्षदों, स्वास्थ्य विभाग और जल शाखा के कर्मियों के साथ प्रभावित क्षेत्र में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर और पाइप लाइन के सुधार कार्य की निगरानी में डटे रहे। उन्होंने कहा कि यदि यह केवल एक पाइप लाइन की खराबी का मामला होता तो संक्रमण एक सीमित क्षेत्र तक रहता। लेकिन विभिन्न बस्तियों से मरीज मिलना बताता है कि कहीं न कहीं व्यापक स्तर पर लापरवाही हुई है। उन्होंने आशंका जताई कि या तो कई स्थानों पर पाइप लाइन मरम्मत कार्य अमानक और त्रुटिपूर्ण रहा है, या फिर जल शुद्धिकरण संयंत्र में निर्धारित मानकों के अनुरूप एलम, ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन का उपयोग नहीं किया जा रहा। यदि पानी का समुचित शुद्धिकरण नहीं हो रहा है तो शहर वासियों को दूषित पेयजल मिलना स्वाभाविक है,जो इस प्रकोप की जड़ हो सकता है।

### रिपोर्ट के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

शिकायत मिलने के बाद वार्ड में नगर निगम की टीम लगातार सर्वे करने के साथ ही पानी का सैंपल ले रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी कैंप लगाकर ब्लड सैंपल लिया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।
**-श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर ननि

## एसपी ने ली जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



सोमवार को एसपी वैभव बैंकर ने जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाना है। इसके लिए अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत आवश्यक है। हम सभी को मिलकर एक टीम भावना से काम करना होगा और हर स्तर पर अपराधों को रोकने के लिए प्रयास करना होगा।

■ लंबित अपराधों का निराकरण करने के निर्देश

एसपी श्री बैंकर ने पुलिस अधिकारियों को आगामी होली त्यौहार एवं रमजान महीने के उपलक्ष्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और लोगों के बीच शांतिपूर्ण वातावरण रहे इस संदर्भ में शांति समिति की बैठक लेकर पुलिस को एक्टिव रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष जोर 1 साल से लंबित अपराधों के निराकरण, लंबित चिटफंड एवं धोखाधड़ी के मामलों का निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, लंबित पीड़ित मुआवजा योजनाओं को पूरा करने, लंबित शिकायतों, वर्दी और बेसिक पुलिसिंग के आदर्शों का पालन करने पर दिया गया। एसपी ने गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्चों की तलाश और उनके पुनर्वास पर भी जोर दिया। एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए। लगातार एनडीपीएस के प्रकरण में जब्त वाहनों को राजसात एवं नशे के फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन और बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज पे कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए और आम जनता को इसके प्रति जागरूक किया जाए। साइबर अपराध के नए ट्रेंड्स जैसे की म्यूल अकाउंट, पॉइंट ऑफ सेल इन्वेस्टीगेशन, सोशल इंजीनियरिंग, फेक एपीके, ओटीपी फ्रॉड जैसे अन्य साइबर मॉडस ऑपरेंडी पर चर्चा कर साथ ही, आईटी अधिनियम के तहत होने वाले अपराधों की त्वरित जांच और निपटान पर भी जोर दिया गया। एसपी ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता दी जाए और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के तहत होने वाले अपराधों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। यातायात स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाना, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट, ट्रिपल सवारी, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग में सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाए। इस दौरान एसडीओपी वाड्रफनगर रामावतार ध्रुव, एसडीओपी बलरामपुर मो याकूब मेमन, रामानुजगंज एसडीओपी बाजीलाल सिंह, डीएसपी हेड क्वार्टर प्रमोद किस्पोट्टा, डीएसपी अजाक कमलेश्वर भगत तथा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के स्टाफ उपस्थित रहे।



## हायर सेकेंड्री मुख्य परीक्षा में शामिल हुए 7572 छात्र छात्राएं

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 71 में 23 फरवरी को राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा विषयों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

■ उड़नदस्ता दलों ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर जिला सरगुजा द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगंवा, रामपुर, मेण्ड्राकला, सुखरी, लहपटरा, पेटला, नर्मदापुर, कमलेश्वरपुर, प्रभात राई, आदर्श जीवन दीप जजगा एवं डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, लुण्ड्रा, धौरपुर, डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर एवं प्रभात राई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संचालित होना पाया गया।

उक्त परीक्षा में कुल 7676 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7572 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पं.मदन मोहन की जीवनी से सीखें हर बाधा को जीतने का तरीका : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में मालवीय मिशन के केंद्रीय समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पं.मदनमोहन मालवीय के जीवन संघर्षों एवं विपरीत परिस्थितियों में भी अपने संकल्प को पूरा करने की गाथा से अवगत कराया एवं छात्र-छात्राओं को हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

■ शासकीय नवीन महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की कठिनाइयों से कभी भी हार नहीं मानना चाहिए तथा इन कठिनाइयों को पार करने वाले व्यक्ति के लिए लक्ष्य आसान हो जाता है तथा वह अपने हर संकल्प को पूरा करने में सफल हो सकता है। महामना पं.मदनमोहन मालवीय का संघर्षों से भरा जीवन इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा पंडित मालवीय ने बेहद गरीबी एवं संघर्षों के बीच जीवन-यापन करने के बावजूद कभी उनका उत्साह कम नहीं हुआ और कठिन संघर्षों के बीच उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को स्थापित किया। वे संस्कृत एवं हिन्दी के साथ ही अंग्रेजी भाषा के अच्छे ज्ञाता एवं वक्ता थे। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का उद्बोधन सुनकर अंग्रेज भी उनके कायल हो जाते थे। वर्ष 1931 में इंग्लैंड प्रवास के दौरान उनके फर्राटेदार अंग्रेजी भाषा के उद्बोधन से प्रभावित होकर वहां के प्रधानमंत्री ने उनकी जमकर सराहना की थी तथा कहा कि आपके सामने हमारे दो विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी बेकार है। उन्होंने जनरल डायर के विरूद्ध इंग्लैण्ड में पांच घंटे तक दहाड़ा। उन्होंने कहा कि पं.मालवीय का जीवन हमारे लिए प्रेरणा है। हमें उनके जीवन से हर बाधा को जीतने की प्रेरणा लेनी चाहिए।




## सरपंच संघ ने नौ सूत्रीय मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के सरपंचों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सरपंच, पंच एवं जनपद सदस्य शामिल हुए। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के पश्चात संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पंचायतों से जुड़ी 9 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। संघ ने कहा कि ग्राम पंचायतों को पर्याप्त वित्तीय अधिकार और संसाधन नहीं मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार बाधित हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि 50 लाख रुपये तक के निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायतों को ही एजेंसी बनाया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। साथ ही धरती आंबा योजना के अंतर्गत पूरे सरगुजा संभाग की सभी ग्राम पंचायतों को शामिल करने की मांग की गई है। सरपंच संघ ने 15वें और 16वें वित्त आयोग की लंबित राशि तत्काल जारी करने की मांग भी उठाई। प्रतिनिधियों ने कहा कि समय पर राशि नहीं मिलने से निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त सरपंचों का मानदेय 15 हजार रुपये प्रतिमाह तथा 5 हजार रुपये पेंशन निर्धारित करने, पंचों का मानदेय 2 हजार रुपये और जनपद सदस्यों का मानदेय 20 हजार रुपये करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने तथा मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी की घटनाओं में आई कमी

**बकाया राशि अधिक होने पर चेतावनी भेजने के बाद ऑटो मोड में कट रही बिजली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत बिश्रामपुर टाउन, सिलफिली और लटोरी क्षेत्र में कुल 33,360 उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं पर करीब साढ़े 34 करोड़ रुपये की बकाया राशि लंबित है जिसकी वसूली में विद्युत विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि स्मार्ट मीटर की स्थापना से विभाग को राहत मिलनी शुरू हो गई है।

■ मीटर से छेड़छाड़ होने पर विभाग को मिलता है अलर्ट सिग्नल

अब तक 14,312 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से स्पॉट बिलिंग आसान हुई है और बिल वसूली में भी सुधार आया है। बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सिस्टम द्वारा तीन अलग-अलग दिनों में मैसेज भेजकर चेतावनी दी जा रही है। इसके बावजूद भुगतान नहीं होने की स्थिति में सिस्टम से ही विद्युत आपूर्ति स्वतः बंद कर दी जाती है। स्मार्ट मीटर बिजली चोरी और मीटर से छेड़छाड़ के मामलों में भी कारगर साबित हो रहा है। यदि कोई उपभोक्ता मीटर से टेंपरिंग करता है या अवैध रूप से बिजली उपयोग करता है तो इसकी सूचना स्वतः विभाग को मिल जाती है जिससे जांच और कार्रवाई पहले की तुलना में अधिक आसान हो गई है। अधिकारी ऑनलाइन रीडिंग देखकर बिलिंग और अन्य शिकायतों का भी त्वरित समाधान कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना से विभाग की मैनपावर की बचत हुई है और बकाया वसूली की प्रक्रिया सरल बनी है,पूर्व में वित्तीय वर्ष के अंत में अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर वसूली करते थे, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी बनती थी,अब डिस्कनेक्शन और वसूली की प्रक्रिया स्वचालित होने से पारदर्शिता और प्रभावशीलता दोनों बढ़ी हैं,शासन स्तर पर प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने को प्राथमिकता दी जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार बिश्रामपुर उपसंभाग में अभी आधे से अधिक उपभोक्ताओं के निवास या संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना अब भी शेष है। विद्युत विभाग इसे चरणबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा करने के प्रयास में जुटा है।




## ट्रेलर की चपेट में आया कॉलरी कर्मी, गंभीर



सोनगरा। अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पीछे बैठे व्यक्ति को भी चोट आई है। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बी एन 9910 सिंगरौली से सामान खाली कर वापस लौट रहा था।

जैसे ही जरही भारत माता चौक के समीप पहुंचा तभी बाइक क्रमांक सीजी 15 डी ई 2685 में सवार शिवानी खदान के कर्मचारी समित लाल (55 वर्ष) जो सुबह अपने साथी के साथ जरही की ओर आ रहे थे तभी ट्रेलर की चपेट में आ गए। घटना को देख स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को अंबिकापुर भेज दिया गया। सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है साथ ही फरार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरही क्षेत्र में तेज रफ्तार से वाहनों का संचालन आम बात हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। घटना के बाद कुछ समय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।



# जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफ Style



# आलिया
## बाफ्टा के मंच पर छा गईं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'

## हॉलीवुड मसाला



# थॉर होना बच्चों को नहीं लगता कूल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ मजेदार अंदाज में बताया कि उनके बच्चों को उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लंदन में दिए एक इंटरव्यू में क्रिस ने कहा कि उनके बच्चे उनकी स्टारडम को बिल्कुल भी 'कूल' नहीं मानते। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता बिल्कुल भी नहीं। जब उन्हें पहली बार पता चला कि मैं 'थॉर' हूं, तो उन्हें बहुत कूल लगा। लेकिन, जब उन्हें समझ आया कि मैं सच में उड़ नहीं सकता, तो उन्हें उतना



# गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और।



# अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा


**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



# काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## टीवी मसाला



# पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन-चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं।

## पति पर फिर भड़कीं वड़ा पाव गर्ल



**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक नई रील शेयर की है। इसमें उन्होंने पति युगम गेरा को चेतावनी दी है और कहा है कि उनके पास सिर्फ 3 दिन का समय है, उसके बाद वह उनका मां वाला रूप देखेंगे। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित बीते 20 दिनों से इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाने से लेकर मिस्ट्री मैन संग प्यार के फूल खिलाने तक के वीडियोज वह शेयर कर रही हैं, जिस पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। हालांकि, उनके पति भी पलटवार कर रहे हैं। इन तीनों के बीच आखिर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी तो हो नहीं सकी है। लेकिन, लेटेस्ट वीडियो में 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट ने 3 दिन की मोहलत जरूर दी है। इंस्टाग्राम पर चंद्रिका ने एक वीडियो बनाकर शेयर की। इसमें वह युगम को चेतावनी देते हुए कह रही हैं, 'दुकान चाहिए? रख। दुकान रखनी थी तो रख। दुकान का एक्सेस रख, पैसे रख, घर-बार सब रख ले। बस एक बात ध्यान से सुन, अब मुझे तुझसे जुड़ी चीज कुछ भी नहीं चाहिए। न तेरा पैसा, न तेरा नाम। तेरा नाम भी नहीं चाहिए। रोज-रोज-रोज... नहीं हो रहा है अब मेरे से।'

# जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज

मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर



खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं।

# फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।



### क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम

मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक 27 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है।

## वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा

# भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवार्ड्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स' का बोलबाला रहा।*

**मुंबई।** बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
- बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
- गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
- बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
- स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतारः फायर एंड ऐश
- ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
- राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)

## खबर संक्षेप




### अहिंसा से अधिकार तक थीम पर बच्चों ने दिखाया हुनर

**बैकुण्ठपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए तरह तरह की सूचना शिक्षा संचार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यालयों में भी आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आने वाले समय में पंजीकृत श्रमिकों को मिलने वाले प्रत्येक हितलाभ के संबंध में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के प्रति प्रत्येक व्यक्ति तक सूचना शिक्षा और संचार ले जाने के उद्देश्य को लेकर लगातार छ सप्ताह तक आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता-** आईइसी गतिविधियों के तारतम्य में वीबी जीरामजी योजना के तहत होने वाले विकास कार्यो, योजना की प्रमुखताओं से सभी को अवगत कराने के उददेश्य को लेकर विद्यालयों में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अकलासरई के हाईस्कूल में बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें अहिंसा से अधिकार तक थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को रंग दिए।

### कलेक्टर ने जारी किया 58 पटवारियों का तबादला आदेश

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले में प्रशासनिक दृष्टिकोण से पटवारियों के तबादले का सिलसिला जारी है। सोमवार को एक बार फिर से कलेक्टर सरगुजा ने 58 पटवारियों का स्थानांतरण आदेश जारी है जबकि इसके पूर्व 83 पटवारियों का तबादला किया गया था। बता दें कि सरगुजा जिले में पटवारी लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। हल्का पटवारियों के एक ही स्थान पर जमे होने के कारण कई बार तरह तरह की शिकायतें भी सामने आ रही थी। ऐसे में कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत द्वारा पटवारियों के स्थानांतरण की कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व 21 फरवरी को जिले में पदस्थ 83 पटवारियों का तबादला आदेश जारी किया गया था जबकि सोमवार को फिर से पदस्थ हल्का पटवारियों के कार्यों में प्रभावशीलता, प्रशासनिक दक्षता एवं लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए 58 पटवारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार बंधित पटवारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता के अनुरूप राजस्व कार्यों के सुचारू संचालन एवं जनसामान्य को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

### फर्जी महिला अधिवक्ता के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** तीन साल से एक महिला अमृता नाग द्वारा अधिवक्ता न होते हुए अधिवक्ता की वेशभूषा धारण कर नकली वकील बनकर पक्षकारों से पैसों की ठगी करने,न्यायालय में फर्जी वकालत नामा लगाकर प्रकरण में पैरवी करने के मामले में महिला के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 204, 204, 318 (4),335 के तहत अपराध दर्ज विवेचना में लिया गया अमृता नाग आ स्व इंद्र देव नाग ग्राम भुलसी तहसील कुसमी जिला बलरामपुर द्वारा विगत तीन चार वर्ष पूर्व से न्यायालय में अधिवक्ता बनकर वकील का पोशाक धारण करके पक्षकारों से उसका केस लड़ने के नाम पर पैसा ठगी कर रही थी।

## गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि होने का अलर्ट

# अलग-अलग तापमान की परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने से मौसम में बदलाव


घर के सामने ओले का ढेर।


बारिश में भींगा समिति में पड़ा धान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव के कारण सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। शाम में अचानक मौसम बदला तथा आंधी-तूफान के साथ वाड्रफनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे। इस दौरान देर शाम शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी मंगलवार को भी मौसम के यथावत रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओला गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान

वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित है वहीं आसमान के ऊपर साइक्लोक्निक सर्कुलेशन सक्रिय है। खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर के प्रभाव से पश्चिम बंगाल से आंध्रप्रदेश तक वहीं कर्नाटक से मराठवाड़ा तक अलग-अलग द्रोणिका प्रभावशील हैं। एक साथ अनेक मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण खाड़ी से लगातार नमीयुक्त हवाएं पहुंच रही है। एक तरफ उत्तर भारत से ठंडी हवाएं पहुंच रही हैं वहीं दूसरी तरफ से खाड़ी की नमी युक्त गर्म हवाएं मध्य भारत में आपस में टकरा रही हैं। अलग-अलग तापमान की परस्पर विरोधी हवाओं के तापांतर से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। मौसम विभाग ने रविवार को परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने एवं एक साथ मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण मंगलवार तक मौसम के प्रभावित रहने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी की थी। सोमवार को सुबह मौसम साफ था तथा धूप भी निकली लेकिन दोपहर में मौसम बदला तथा आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ गई। शाम 4 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर सहित आसपास के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबादी हुई। अधिकारी मंगलवार को भी मौसम के यथावत रहने एवं कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### वाड्रफनगर में हुई ओलावृष्टि

सोमवार की शाम अचानक मौसम बदला तथा वाड्रफनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार आंधी चली। शाम 4 बजे आंधी-तूफान के बीच गरज-चमक के साथ 20 मिनट तक जमकर ओले गिरे तथा आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। ओलावृष्टि से आम, चीली सहित अन्य उद्यानिकी एवं टमाटर, फूलगोभी सहित अन्य सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आंधी-तूफान से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे नगरीय क्षेत्र सहित एक दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे रखा धान भी भींग गया है।

### गिरेगा तापमान

पिछले तीन दिनों में मौसम में आए बदलाव के कारण रात के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। सोमवार को दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी ओलावृष्टि के प्रभाव से मंगलवार को रात के तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने तथा दो दिन बाद ओलावृष्टि की ठंड का प्रभाव खत्म होने पर फिर से पारा में क्रमशः वृद्धि की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। परस्पर विरोधी हवाओं के आपस में टकराने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा। ऐसे में मंगलवार को भी कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना जताई जा रही है।

# दिल्ली वर्ल्ड में प्री-प्राइमरी पदक एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में प्री-प्राइमरी अनुभाग का पदक एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मुस्कान और अभिभावकों के उत्साह से आलोकित हो उठा।

विभिन्न प्रतियोगिताओं कविता पाठ, फैंसी ड्रेस, चित्रकला, सामान्य ज्ञान, कहानी वाचन एवं एकल नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने कहा कि यह समारोह बच्चों की लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास का उत्सव है। प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूनम तिवारी ने नियमित उपस्थिति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आते हैं, वही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन नर्सरी की शिक्षिका सुश्री अवनीत कौर ने प्रभावपूर्ण ढंग से किया तथा केजी-वन की शिक्षिका श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती एल्विना ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। सम्मानित विद्यार्थियों के नाम इसमें कक्षा नर्सरीः विराज सिंह, अवयांश गुप्ता, राम पांडे, जयेश कुमार बंजारे, सांची गोयल, आर्वी शर्मा, प्रणवी परमार, अर्णव पोद्दार, श्रीयांश सिंह, रिद्धि सोनी, शक्ति सिंह एवं अविक शर्मा। कक्षा केजी-वन आत्मिक गुप्ता, काशवी सोनी, युग भारद्वाज, अंश कुशवाहा, ऐश्नी नरूला, शिवांश शर्मा, अर्णव अग्रवाल, कृष्ण वासु यादव, अर्क कुमार गुप्ता, मोहम्मद हम्माद अख्तर, जीविका, आभा सिंह, अयान सिंह, गगन अग्रवाल, अर्निका सिंह, सौम्या सिंह, अद्विक पांडे, सारांश जेना एवं सत्यम कुमार शाह। कक्षा केजी टू जर्मिना हयात खान, श्रीनिका पांडे, आदृशा पांडे, नित्या गुप्ता, माधव गोयल, पावनी अग्रवाल, प्रहर्ष पांडे, शिवन्या सराफ, आयुष सिंह श्याम, समृद्धि खटीक, आभा कुमारी, मनस्वी मिश्रा, अर्चित तिवारी, तृषा कुमारी, इथान जार्विस जै, फरहान कुरैशी एवं शानवी शाह। इन सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने समारोह को गौरव एवं उल्लास से परिपूर्ण कर दिया।

### सनकी युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

**शंकरगढ़।** पत्नी के चरित्र पर शंका और परिवार में आए दिन होने वाले विवाद के बीच सनकी युवक ने महिला का साथ देने के शक पर अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मोइट हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम कोठली लेफुआटोली निवासी सकुल राम करवा ने 22 फरवरी को पुलिसे के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 फरवरी की रात 8 बजे चचेरा भाई बीरकुंवर चेरवा अपनी पत्नी को खोजते हुए उसके घर आया था। इस दौरान युवक ने बीरकुंवर को बताया कि उसकी पत्नी उसके घर नहीं आई है।

# पनिका समाज की बैठक में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में 21 फरवरी को भारतीय पनिका समाज की सरगुजा संभाग स्तरीय अनुशासन समिति की बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मायाराम खाड़े ने की, जबकि संचालन संजय चिकनजूरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। ममता ताजे ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं विजेन्द्र मानिकपुरी एवं उनकी टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभा में उत्साह का माहौल बनाया। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष कोरिया राजाराम जाता द्वारा दिया गया। बैठक में सरगुजा संभागीय अनुशासन समिति गठन के लिए कोरिया जिले से 10 सक्रिय सदस्यों के नाम सर्वसम्मति से पारित कर सूची सौंपी गई। इनमें रामलाल टांडिया, शिवप्रसाद करामत, राजू गोयन, दरोगा प्रसाद, किरण कुमार दास, राधेश्याम, उमाशंकर सोनवानी, बबीता ग्वाले, बेगमती चिकनजूरी एवं अनीता पुरी शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक जिले से 10-10 सक्रिय सदस्यों की सूची लेकर सरगुजा संभाग स्तरीय समिति गठित की जाएगी। बैठक में समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा गया कि संगठनात्मक मजबूती के लिए संभाग के सभी जिलों में इसी प्रकार की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सभा को संबोधित करने में जिलाध्यक्ष बलरामपुर सुंदरलाल राही, संरक्षक बलरामपुर रामकुमार दयाल, जिलाध्यक्ष सूरजपुर शिवशंकर कोयल, जिला कोषाध्यक्ष सूरजपुर बिहारीलाल कुलदीप, जिला संरक्षक सूरजपुर रामजीत पनिका, सदस्य सूरजपुर शंभू नारायण देवांगन, सदस्य जिला एमसीबी हेमलाल पनिका, जिला एमसीबी संतोष कुमार पंडवार, सदस्य जिला एमसीबी बच्चालाल सूटी, संरक्षक जिला सरगुजा इंजोरदास महंत, सदस्य जिला सरगुजा दुर्गाशंकर दास महंत एवं जिला सलाहकार कोरिया बाबूलाल गोयन शामिल रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में वरिष्ठजन, युवा एवं महिला समिति की सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभा का समापन समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती के नारों के साथ किया गया।

# नर्सिंग में निःशुल्क पीएनटी कोचिंग के लिए पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बैकुंठपुर स्थित न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल प्रारंभ की है।

संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान द्वारा छग व्यापम द्वारा आयोजित प्री-नर्सिंग टेस्ट, चयन परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रारंभ की जा रही है, जिसका पंजीयन 25 फरवरी से 23 मार्च तक संस्था कार्यालय में होगा, जिससे विशेष रूप से आर्थिक कमजोर एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को नर्सिंग क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। नर्सिंग क्षेत्र में प्रवेश के लिए छग राज्य में व्यापम द्वारा आयोजित प्री-नर्सिंग टेस्ट में चयन अनिवार्य होता है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छग व्यापम द्वारा आयोजित प्री-नर्सिंग टेस्ट, चयन परीक्षा की संभावित तिथि 11 जून 2026 है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय, पीसीबी- भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुसंगठित व्यवस्था प्रारंभ की है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान में पंजीयन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की व्यवस्थित एवं प्रभावी तैयारी का अवसर मिलेगा। संस्थान छग शासन, इंडियन नर्सिंग काउंसिल, सीजीएनआरसी तथा आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है, जो गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीय पहचान स्थापित कर चुका है। संस्थान का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत कुशल स्वास्थ्य कर्मी बनाना भी है। संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग में अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप सुनियोजित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

आधुनिक शिक्षण तकनीक, मानक अध्ययन सामग्री तथा नियमित टेस्ट प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनुशासित, प्रेरणादायक एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी सशक्त अवसर प्रदान कर रहा है। प्रशिक्षण के लिए जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना, एसईसीएल क्षेत्रीय अस्पताल चरचा तथा रांची स्थित प्रतिष्ठित मानसिक स्वास्थ्य एवं विज्ञान संस्थान में प्रायोगिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इससे विद्यार्थियों को चिकित्सा सेवा की वास्तविक परिस्थितियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति, सुरक्षित छात्रावास, परिवहन व्यवस्था तथा आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# हर मौसम में सुरक्षित पक्की छत से बढ़ा श्रमिक का आत्मविश्वास



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वंचित वर्ग के हितग्राहियों के पक्के मकान का सपना पूरा करने वाली आवास योजना से लाभार्थियों के जीवन में बदलाव का क्रम निरंतर जारी है। ऐसे गरीब ग्रामीण जिन्हे पक्के मकान बनाने का सामर्थ्य नहीं था वह भी योजना से लाभ लेकर अब सम्मानपूर्वक जीवन जीने लगे हैं।

ऐसी ही एक कहानी है कोरिया जिले के ग्राम पंचायत उमझर निवासी अर्जुन की, जिन्होंने किसान मजदूर के तौर पर अपने कठिन जीवन में कभी नहीं सोचा था कि वह कभी पक्के मकान में रह पाएंगे, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनका जीवन बदल दिया है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर की ग्राम पंचायत उमझर निवासी अर्जुन पिता सुखदेव का जीवन कभी कठिन परिस्थितियों से घिरा हुआ था। एक साधारण किसान मजदूर के रूप में उनकी रोज की कमाई ही परिवार के भरण-पोषण का आधार थी। सीमित आय और बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच उनका जीवन संघर्षों से भरा था। उनका कच्चा मकान समय के साथ जर्जर हो चुका था। बरसात के मौसम में दीवारों से पानी रिसता, छत टपकती और हर पल घर गिरने का डर बना रहता। हर वर्ष मरम्मत पर खर्च होने वाली राशि उनकी छोटी-सी बचत को समाप्त कर देती थी। ऐसे में भविष्य के सपने अधूरे ही रह जाते थे। हितग्राही अर्जुन के जीवन में को गत वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से एक बेहद सकारात्मक परिवर्तन आया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रूपए की सहायता राशि तीन किस्तों में सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुई। इसमें अपनी कमाई के कुछ पैसे लगाकर इस परिवार ने अपने वर्षों के सपने को साकार कर एक पक्का आवास बना लिया। मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने निर्धारित समय में अपने नए घर का निर्माण पूर्ण किया। मजबूत दीवारें, सुरक्षित छत और व्यवस्थित कमरों वाला यह घर अब उनके आत्मविश्वास का आधार बन चुका है। अब उनकी हर रात सुकून से कट रही है। इसके साथ ही उन्हे महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत 90 दिवस की मजदूरी और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हो जाने से उनके जीवन में सुरक्षा, स्वच्छता और सम्मान तीनों सुनिश्चित किए।

### एमसीबी में 4.82 लाख क्विंटल का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** 25 उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान का सुव्यवस्थित परिवहन लगातार जारी है। अब तक जिले में कुल 8 लाख 79 हजार 848.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें से 4 लाख 82 हजार 860 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर लिया गया है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि जिले में धान प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह संगठित और परिणामोन्मुखी है। धान उठाव में आई तेजी से उपार्जन केन्द्रों एवं सोसायटी परिसरों में भंडारण का दबाव लगातार कम हो रहा है।

### अमेरा खदान से कोयला चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अमेरा स्थित खदान से कोयला चोरी वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का ढाई टन कोयला, बाइक बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। बता दें कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अमेरा कोयला खदान में कुछ लोगों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के बाद एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने पुलिस टीम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जांच उपरान्त पुलिस ने मामले में पुहपुटरापारा चिलबिल निवासी 36 वर्षीय आनंद राम केंवट आ. सुखराम केंवट को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाने और अमेरा कोयला खदान से कोयला चोरी करने की बात स्वीकार की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि:- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ₹21,500/- ऑफर ₹18,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त